currently holding the charge of Director (Marketing), the relevant Disciplinary Auhority at the point of time. This was only with a view to removing a technical flaw. A show cause notice was issued to Shri Kamal Bhasin on 1.6.90 and thereafter he filed a Writ Petition in July, 1990 in Delhi High Court challenging the validity of Rule 20-A and thereby the show cause notice dated 1.6.90 Further section on the basis of this show cause notice dated 1-6-90 was kept in abevance as the matter was before the Court of Law. The charged officer was aked to send his written statement of defence in reply to the charge sheet dated 21.5.90 as the management was not taking action at that time on the basis of the show cause notice dated 1.6.90. The Writ Petition filed by Shri Kamal Bhasin was dismissed by the Delhi High Court on 28-1-91. Therefore, there was no simultaneous proceedings between the period 1-6-90 and the date of termination of his services i.e. March, 1991.

भोपाल गैस त्रासदी के शिकार व्यक्तियों का पुनर्वास

2927. **श्री सुरेश पचौरी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भोपाल गैस त्रासदी के शिकार हुए लोगों का आर्थिक पुनर्वास करने के लिए सरकार द्वारा घोषित सभी योजनाओं/कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर दिया गया है ;

(ख) क्या सरकार ने भोपाल गैस त्रासदी के शिकार हुए लोगों के लिए गैस कनेक्शन देने और भोपाल कोच र पेथ्रिा फैक्ट्री में 50 प्रतिशत नौकरियों देते और भोपाल में वस्त्र निर्यात एकक स्थापित करने संबंधी निर्णयों की समीक्षा की है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो): (क) और (ख) सरकार द्वारा शुरू की गई आर्थिक पुनर्वास योजनाओं सहित सभी पुनर्वास योजनाएं कार्यान्वित कर दी गयी हैं। किसी भी योजना की सरकार द्वारा पुनरीक्षा नहीं की गई है।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

उर्वरकों का उत्पादन

2928. **श्री रामनरेश यादव:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में कितने टन उर्वरक का उत्पादन हो रहा है, क्या यह उर्वरक एककों की पूर्ण उत्पादन क्षमता पर आधारित है, यदि नहीं, तो उक्त एककों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए कितने प्रतिशत उत्पादन हो रहा है; और

(ख) फर्टिलाइजर कोर्पोरेशन के गोरखपुर एकक को चलाने के लिए सरकार ने अब तक क्या कदम उठाये हैं और यह एकक कब तक चालू हो जायेगा ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो): (क) 1991-92 और 1992-93 (अप्रैल, 92 से फरवरी, 93) के दौरान स्थापित क्षमता, उत्पादन तथा क्षमता उपयोगिता को प्रतिशतता के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं :—

वर्ष	न्यूट्रिएन्ट्स	स्थापित क्षमता (000 मी. टन)	उत्पादन (000 मी. टन)	प्रतिशत क्षमता उपयोगिता
1991–92 .	नाइट्रोजन	8250.0	7301.3	88.5
	फास्फेट	2751.0	2562.1	93.0
1992–93 . (अप्रैल, 92–फरवरी, 93)	नाइट्रोजन	8531.0	6738.3	87.2
	फास्फेट	2822.0	2149.5	83.5

(ख) 10–6–90 को संयंत्र में दुर्घटना के कारण गोरखपुर एकक के बंद होने के पश्चात् फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफ सी आई) ने कुशल एजेंसियों के माध्यम से संयंत्र का स्वास्थ्य सर्वेक्षण करवाया। स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आधार पर की गयी सिफारिशों पर एफ सी आई बोर्ड ने विचार किया जिन्होंने वर्तमान स्थान पर रु. 837 करोड़ की अनुमानित लागत से 900 टन प्रतिदिन (टी पी डी) अमोनिया और 1500 टन प्रतिदिन यूरिया की क्षमता के नैफथा पर आधारित नये उर्वरक संयंत्र स्थापित करने की प्राथमिकता दी है। इस बीच औद्योगिक और वित्तीय पुनर्संरचना बोर्ड (बी आई एफ आर) ने कम्पनी को बीमार घोषित कर दिया है और निदेश दिया है कि 31-3-1993 तक पुनर्वास पैकेज तैयार करें। इस स्तर पर ऐसी कोई तिथि बताना सम्भव नहीं है। जब गोरखपुर का आरम्भ होगा।

Price of Alupent Tablets, and Bisolpent etc.

2929. DR. NARREDDY THULASI REDDY:

SHRIMATI SARTYA BAHIN:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what was the price of Alupent Tablets, Bisolpent, Thromophob Duluron, Testoviron and Manormal Granules before DPCO, 1987 and what is their price now;

(b) what were the imported bulk drugs and intermediates imported for the above products and what were their prices in 1986-87 and now;

(c) what are the reasons for steep increase in prices of these products; and

(d) what are the duty concessions on the bulk drugs, intermediates and formulations which have been granted on the imports made by the companies of the said products?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) to (c) Required information to the extent available is given in Annexed Statement. All these formulations are outside price control and the manufacturers are free to fix the prices on their own. Company-wise details of import are not monitored.

(d) Customs duty on imported drugs, drug intermediates and formulations is levied in accordance with the notifications issued by the Ministry of Finance from time to time, the copies of which are available in Parliament Library;